

# अब अव्वल आने के लिए नपा ने कसी कमर

- सफाईकर्मी वार्डों में नहीं दिखे तो होगी कार्रवाई
- नपा की कार्यशैली को देखकर लोगों ने जताई प्रसन्नता

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 22 जुलाई. हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के आए परिणामों से उत्साहित नपा ने आगामी सर्वेक्षण के लिए अभी से कमर कस ली है. स्वयं नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और मुख्य नपाधिकारी सुधीर कुमार सुबह वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं. नपाध्यक्ष की इस कार्यशैली की लोग सराहना कर रहे हैं तथा वार्डों की समस्याओं की ओर उनका ध्यान भी आकर्षित करा रहे हैं.**

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण के आए परिणामों में सीहोर की नपा को मिली बेहतरीन उपलब्धि ने नपाध्यक्ष सहित नपा के अधिकारी व कर्मचारियों के प्रोत्साहित कर दिया है. गौरतलब है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर नपा ने 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले कुल 824 निकायों में देश में छठवां और प्रदेश के कुल 56 निकायों में सातवां स्थान हासिल किया है. इस परिणाम से उत्साहित नगरपालिका आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए अभी से जुट गई है. यही कारण है कि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर स्वयं शहर की सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग करने लगे हैं. रोजाना सुबह वह दुपहिया वाहन से शहर के विभिन्न वार्डों का जायजा लेने निकल रहे हैं. उनके साथ मुख्य नपा अधिकारी सुधीर कुमार सहित स्वास्थ्य शाखा के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं. इस दौरान नपाध्यक्ष द्वारा वार्डों में जाकर वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं व साफ सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की जा रही है तो शासन की योजनाओं पीएम आवास योजना आदि के बारे में भी पूछताछ की जा रही है. इसके सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं.

### अध्यक्ष के सामने ही सड़क पर कचरा फेंका

नगर के सभी 35 वार्डों में कचरा संग्रहण करने के लिए 37 कचरा वाहन नियमित पहुंच रहे हैं. इसके बाद भी कई लोगों में सफाई को लेकर जागरुकता का अभाव बना हुआ है. आज भी जब नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और नपाधिकारी सुधीर कुमार वार्डों का निरीक्षण कर रहे थे तभी एक घर से महिला बाहर निकली और कचरा सड़क किनारे फेंक दिया. यह देख नपाध्यक्ष आदि रुके और महिला को बाहर बुलाकर उनके कृत्य पर नाराजगी जताई. नपाध्यक्ष प्रिंस ने कहा कि अगर लोग ऐसे ही कचरा सड़क पर फेंकेंगे तो हमारा शहर स्वच्छ कैसे रहेगा. महिला ने अपनी भूल स्वीकारते हुए आगे से कचरा वाहन में ही डालने की बात कही.

## ताले तोड़कर सिमरोद हाई स्कूल में चोरी

**गुना. जिले के बमौरी थाना क्षेत्र के पीएम श्री हाई स्कूल सिमरोद में अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।**

फरियादिया कल्पना नामदेव निवासी जगदीश कॉलोनी गुना व वर्तमान में प्राचार्य, पीएम श्री हाई स्कूल सिमरोद ने बमौरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार सुबह जब वह शिक्षक संजय लोधा व अन्य शिक्षकों के साथ स्कूल पहुँचीं, तो देखा कि स्कूल के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर जब उन्होंने निरीक्षण किया तो प्राचार्य कक्ष का भी ताला टूटा मिला और टेबल की दराजों के लॉक भी टूटे हुए थे। दराजों की तलाशी लेने पर पाया गया कि उसमें रखे दो लिनोवो कंपनी के टेबलेट, कक्षा 9वीं और 10वीं की कुल 58,300 रुपये फीस की राशि और कुछ महत्वपूर्ण चाबियाँ गायब थीं।

# मौसम का मिजाज बदलते ही बढ़ी बीमारियां

## जिला चिकित्सालय में लग रही मरीजों की लंबी कतारें

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़. मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी व मौसमी बीमारियों के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग रही है। जिसके कारण जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन ओपीडी में 700 मरीजों से ज्यादा की संख्या प्रतिदिन के पार पहुंच गई है। जिसमें सबसे ज्यादा उल्टी,दस्त, खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीज आ रहे है। चिकित्सा विभाग मरीजो के इलाज में जुटा है। अस्पताल डॉ. अजीत जैन ने बताया पिछले कुछ दिनों से बारिश थमते ही क्षेत्र में उमस भरी भीषण गर्मी के चलते मौसमी बीमारियो ने अपने पैर पसार लिए है।**



### लोगों को मेडिकल विशेषज्ञ ने दी सलाह

मेडीकल विशेषज्ञ डॉ. अजीत जैन ने बताया कि इन दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। इस मौसम में गर्दन के पिछले बाला भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। पानी का अधिक मात्रा मे सेवन करे। उन्होने बताया कि लोग इस समय बाजार के व्यंजनों का सेवन नही करे। घर के भोजन का सेवन करने से शरीर स्वस्थ्य रहेगा।

जानकारी के मुताविक जिला चिकित्सालय में इन दिनों डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं वायरल बुखार होने के मरीजों की संख्या में एक साथ इजाफा हुआ है। सीएचसी डॉ. अजीत जैन ने बताया कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी में अगर बेहद जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले।

अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से लगभग 600 से 700 तक मरीज इलाज के लिए प्रतिदिन आ रहे है। मौसम परिवर्तन के वजह से रोग बढते है। ऐसे समय में घबराने के बजाय इसके बचाव के लिए आइसक्रीम, ठंडा पानी व पेय पदार्थ नहीं पीकर गर्म करके गुनगुना पानी पीना चाहिए। कूलर का पानी निकाल कर साफकर ले। घर व उसके आसपास साफ-सफाई रखे ताकि मच्छर पैदा न हो। ताजा भोजन खाएं.



# सड़क के खस्ताहाल से ग्रामीणों को बारिश में हो रही परेशानी

**विदिशा, 22 जुलाई, मंगलवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कोतवाली पुलिस के नाम एक पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने ग्राम बेहलोट की सड़क निर्माण में लापरवाही के संबंध में ठेकेदार नीलेश तिवारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग की है.**

उक्त पत्र में पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कोतवाली पुलिस को बताया कि ग्राम बेहलोट में सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार नीलेश तिवारी द्वारा अपनी कंपनी के माध्यम से लगभग तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। इस परियोजना में अब तक केवल गिट्टी बिछाई गई है, लेकिन पुलिया के पास लगभग 150 मीटर मार्ग अब भी कच्चा पड़ा है.

# खाद के लिए संघर्ष करता किसान

## टोकन व्यवस्था से मचा हड़कंप, भूखे-प्यासे किसान दर-दर भटकने को मजबूर

नवभारत न्यूज

**रहली, 22 जुलाई. खरीफ सीजन में फसलें बोने के बाद अब किसान खाद की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं. .**

जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी परिसर में जब सूरज निकलने से पहले ही किसान लंबी कतारों में खाद के लिए खड़े हो गए, तो अचानक उन्हें जानकारी दी गई कि अब टोकन मंडी से नहीं, बल्कि पुलिस थाने से मिलेंगे. किसानों ने बताया कि जैसे ही थाने से टोकन मिलने की खबर फैली, सैकड़ों मोटरसाइकिलें खेतों की जगह सड़कों पर दौड़ने लगीं. थाने के सामने अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और टोकन पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा. सुबह 7 बजे पहुंचे किसानों को 9.45 बजे टोकन मिलना शुरू हुआ और कई किसानों को दोपहर तक इंतजार करना पड़ा. टोकन मिलने के बाद भी समस्या खत्म नहीं हुई.



> खाद वितरण में भी धीमी प्रक्रिया और अव्यवस्था के कारण देर रात तक वितरण जारी रहा .लेकिन अनेक किसान भूखे-प्यासे खाली हाथ लौटे. छोटे और मध्यम किसानों की सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि जिनके पास 2 से 10 एकड़ जमीन है, वे दिनभर लाइन में खड़े हैं, जबकि सैकड़ों एकड़ के मालिक बड़े किसान कभी कतार में दिखाई नहीं देते. इसके बावजूद उन्हें सैकड़ों बोरी खाद आसानी से कैसे मिल जाती है? बताया गया कि प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से बार-बार यही जवाब दिया जा रहा है कि घबराएं नहीं, सबको खाद मिलेगा.

# टाईगर के हमले से लगातार हो रहे लोग घायल

**नर्मदापुरम, 22 जुलाई** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई के प्रतिबंधित क्षेत्र में मछली पकड़ने गए तीन लोगों पर टाईगर ने हमला कर दिया. जिससे कि वे घायल हो गये. वहीं एसटीआर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गये हैं कि कोर क्षेत्र के अंदर टाईगर की लोकेशन तो विभाग को रहती है लेकिन अवैधानिक तरीके से घुसे लोगों की जानकारी से विभाग बेखबर रहता है.



**युवकों को मछली मारना पडा महंगा** - कोर क्षेत्र में कैसे घुसकर ये तीनों युवक मछली मार रहे थे. तभी टाईगर ने आकर इन तीनों पर बारी बारी से हमला किया. बताया जाता है कि, यह टाईगर हमले की चौथी घटना है. इससे पूर्व चौकीदार और एक सहयोगी को टाईगर ने अपना शिकार बनाया था. बाद में एक और व्यक्ति को हमला कर घायल कर दिया था. बताया जाता है कि, यह टाईगर आदमखोर बन चुका है इसलिये इसे यहां से दूसरे क्षेत्र में भेजा जाए तभी विभाग के लोग भी सुरक्षित रह पाएंगे.

## दस्तक अभियान का मुंगावली विधायक ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर.** चंदेरी तहसील के अंतर्गत ग्राम सूरेल मे मंगलवार को आंगनवाड़ी क्रमांक 1 पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने 9 माह से 5 वर्ष तक के आदिवासी बच्चों को विटामिन ए कि दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता है और दस्तक अभियान के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान सें जोड़ें।

# युवक की 2 सगे भाइयों ने लोहे की रॉड से की पिटाई

## सड़क पर बाइक तेज चलाने से मना करने पर विवाद, सिर में आई चोट

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 22 जुलाई. थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरखेड़ी चौराहे की सड़क पर मोटरसाइकिल को तेज चलाने से मना करने को लेकर एक युवक का टोकना मोटरसाइकिल चालक को इतना नागवार गुजरा की उसने लोहे की रॉड से युवक का सिर फाड़ दिया.**

सलामतपुर पुलिस ने आरोपी युवक अंकित अहिरवार और उसके सगे भाई राजू अहिरवार निवासी बेरखेड़ी टुंडा के विरुद्ध फरियादी हलकुराम अहिरवार पिता रामकिशन अहिरवार निवासी बेरखेड़ी टुंडा की रिपोर्ट पर धारा 115(2),296, 351(3), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

थाने के प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय से मिली जानकारी अनुसार आरोपी अंकित अपनी मोटरसाइकिल से बेरखेड़ी चौराहे से अपने घर जा रहा था. तभी रास्ते में स्कूल के सामने फरियादी हलकुराम अहिरवार ने अंकित से मोटरसाइकिल को तेज चलाने का मना किया तो अंकित ने गाली गलौच करते हुए बोला कि तू कोन होता है मुझे रोकने वाला. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया.

इसी दौरान आरोपी अंकित ने अपने भाई राजू को भी बुला लिया और अंकित ने लोहे की रॉड से हलकुराम पर हमला कर दिया. हमले से हल्कूराम का सिर फट गया. और उसके हाथों में भी चोट लग गई. हल्कूराम को प्राथमिक उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां पर उसका उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई है.

> थाना क्षेत्र के बेरखेड़ी चौराहे स्कूल के सामने मोटरसाइकिल को तेज चलाने पर मना करने की बात पर लोहे की रॉड से मारपीट की घटना हो गई है. एक युवक के सिर में चोटें आईं हैं. 2 सगे भाइयों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है.
>
> **दिनेश सिंह रघुवंशी**
> **थाना प्रभारी सलामतपुर**

### एक नजर में



#### अनुपयोगी पॉलीथिन से बनेगी सीडबॉल

**बेगमगंज, 22 जुलाई.** वनपरिक्षेत्राधिकारी अरविंद अहिरवार द्वारा एक लाख से ऊपर दूध की अनपयोगी थैलियों को एकत्रित कराकर उनमें विभिन्न प्रजातियों के फल एवं छायादार वृक्षों की पौध तैयार की ओर फिर उन्हें विभिन्न धार्मिक स्थलों, श्मशान भूमि, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर रोपण कराए जाने के बाद उक्त पौधों से निकाली गई पॉलीथिन को कबाड़ में बेचकर उससे 25 हजार सीट्स बॉल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. वनपरिक्षेत्राधिरी अरविंद अहिरवार का प्रकृति से जुड़ाव एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तर पर काम करने की अलख जगाई जा रही है. इसको लेकर उनके द्वारा रोजाना नित्य नए-नए प्रयोग कर अनूठी पहल की जा रही है.

#### नशामुक्ति को लेकर विद्यालय में हुई अनेक प्रतियोगिताएं

**शाहगंज.** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत थाना अन्तर्गत छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. नगर के सांदीपनी विद्यालय में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान द्वारा छात्रों को नशे के दुष्परिणामों, नशे की सामाजिक बुराइयों एवं इससे बचने के उपायों की जानकारी दी गई. साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के प्रचार-प्रसार हेतु जानकारी साझा की. थाना स्टॉफ द्वारा बच्चों के लिए रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, स्लोगन लेखन तथा निबंध लेखन जैसी विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

#### नदी में डूबने से बच्चे की मौत, खेलते समय पानी में डूबा

**बैतूल.** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के हनोटिया में 10 साल के बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे की है। मृतक की पहचान अभिजीत नवड़े के रूप में हुई है। वो पांचवीं कक्षा का छात्र था। अभिजीत अपने पिता भीमराव नवड़े के साथ खेत गया था। खेत के पास बह रही नदी में खेलते समय वो डूब गया। उस वक्त उसके पिता खेत में खाद डालने में व्यस्त थे। एक घंटे बाद जब उन्होंने बेटे को नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद अभिजीत का शव मिला।



#### शैक्षणिक विकास को लेकर मंत्री से चर्चा

**सागर.** शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नितिन बंटी शर्मा तथा कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीषा मिश्रा के प्रतिनिधि विनय मिश्रा ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर महाविद्यालय में शैक्षणिक विकास को लेकर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने विभिन्न नए पाठ्यक्रम तथा शैक्षणिक पद स्वीकृत करते हुए अन्य समस्याओं पर ध्यान दिलाकर उनका निराकरण करने का भी आग्रह किया.

#### दस्तक अभियान का शुभारंभ

**राजगढ़.** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और कुपोषण व बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने दस्तक अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई. इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना अनुसार शत प्रतिशत काम होना चाहिए. फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी बराबर इसकी मॉनीटरिंग करेंगे. 15 दिनों के बाद अभियान की उपलब्धि एवं इससे हितग्राही बच्चों को हुए लाभ की समीक्षा की जाएगी.

# अतिवृष्टि ने की फसल बर्बाद, मुआवजा की मांग

## पूर्व विधायक के साथ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 जुलाई, का. क्षेत्र के कई गांवों में अत्यधिक बारिश के कारण सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. ऐसे में बर्बाद हुई फसल की मुआवजा राशि एवं बीमा का लाभ प्रभावित किसानों को दिया जाये.**

उक्त मांग को लेकर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में ग्रामीणजनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. पूर्व विधायक श्री कल्पोनी का कहना है कि उनके द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करने पर पाया गया कि ग्राम करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेड़ी, खारचाखेड़ी, खैरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाइखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजुरी, करेडा, जलालिया, रोजड, लिम्बोदा, चौंसला, तुमडियाखेड़ी, गुराडिया, खेड़ी, घोडाखेड़ी, राघोखेड़ी, बरखेड़ा आदि कई गांवों में सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है.

ग्रामीणों के अनुसार उनके द्वारा दो-दो बार बोवनी करने के बाद भी अधिक बारिश के चलते सोयाबीन, मक्का फसल खराब हो गई है. ज्ञापन में खराब हुई फसलों का जल्द सर्वे करवाकर उचित मुआवजा राशि एवं फसल बीमा का लाभ दिए जाने की मांग की गई.

## मूंग तुलाई में लापरवाही किसान हो रहे परेशान

**बुधनी.** समर्थन केन्द्रों में मूंग तुलाई के लिए किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर सुबह 4 बजे से वेयरहाउस में लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं. लेकिन 11 बजे तक तुलाई प्रारंभ नहीं की जा सकी. बारिश के बावजूद ट्रैक्टर-ट्राली खुले आसमान के नीचे खड़े रहे. देरी से ही सही लेकिन सरकार द्वारा मूंग तुलाई प्रारंभ हो गई है. मंगलवार को ग्राम जोशीपुर के भाग्यश्री वेयरहाउस पर सैकड़ों ट्रालियों की लाइन लगी हुई थी. अचानक बारिश आ गई. किसान ने तिरपालों से फसल को बचाते रहे, लेकिन 11 बजे तक तुलाई प्रारंभ नहीं हुई. एफएक्यू मापदंड भी किसानों के लिए परेशानी उत्पन्न कर रहा है.

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ फूटा जनआक्रोश

- गुना में महारैली में उमड़ा विशाल सैलाब
- महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुना, 22 जुलाई. स्मार्ट मीटरों की अनियमितताओं और भारी भरकम बिजली बिलों से परेशान होकर गुना जिले के नागरिकों ने मंगलवार को शहर की सडस्त्रों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। स्थानीय शास्त्री पार्क से शुरू हुई यह महारैली हनुमान चौराहा होते हुए बिजली वितरण कंपनी के कार्यालय तक पहुंची, जहां सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।**

इस रैली की सबसे खास बात यह रही कि यह किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं बल्कि आम जनता की पहल पर आयोजित की गई थी। रैली में महिलाओं, युवाओं, मजदूरों, व्यापारी वर्ग, नौकरीपेशा नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। सभी प्रदर्शनकारी अपने हाथों में विरोध संबंधी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे.

सहायता | कृषि संबंधी कार्य के दौरान दुर्घटना में मृतक किसानों के परिजनों को मिलेगी आर्थिक सहायता

# कलेक्टर ने 13 किसानों के परिजनों को 4-4 लाख की राशि की स्वीकृत

**बैतूल, 22 जुलाई. मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के कृषि संबंधी कार्य के दौरान दुर्घटना में मृतक 13 किसानों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को मृतक किसानों की पत्नियों को 4-4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की कि यदि किसी किसान के परिवार में ऐसी दुर्घटना घटित हो तो वे निर्धारित प्रारूप में एक वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ अवश्य लें। कृषि विभाग के उप संचालक श्री आनंद बड़ोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना का उद्देश्य उन किसानों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जुड़े होते हैं और कृषि संबंधी कार्य करते समय किसी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि दुर्घटना में किसान की मृत्यु होती है, तो उसके परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं स्थायी अपंगता की स्थिति में 1 लाख तथा आंशिक अपंगता पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है।

### इन परिस्थिति में किसानों को मिलता है योजना का लाभ

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि कार्य में कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए जिसमें खेती से संबंधित सिंचाई कार्य, खेतों में फसलों और फल-सब्जियों पर रासायनिक दवाइयों के छिड़काव करते समय, सिंचाई कार्य के लिए कुआं खोदते, ट्यूबवेल स्थापित एवं ट्यूबवेल संचालित करते समय, खेत से गुजरने वाली विद्युत लाइन के क्षतिग्रस्त होने, बिजली का करंट लगने से मृत्यु या अंग-भंग होने पर किसानों को सहायता राशि प्रदान की जाती है। कृषि की रखवाली, पशु चराई, छोड़ने बांधने आदि दैनिक कार्य करते समय हुई दुर्घटना में

**इन किसानों के परिजनों को मिली योजना की राशि :** योजना अतंर्गत प्रभातपट्टन के ग्राम मासोद निवासी आवेदिका श्रीमती ज्योति पति स्व.दिलीप, भैंसदेही विकासखंड के ग्राम पोहर निवासी आवेदिका श्रीमती जमुना पति स्व.गुलाबराव, ग्राम सावलमेंढा निवासी आवेदिका श्रीमती सुनिता पति स्व.वासुदेव, ग्राम खोमई निवासी आवेदिका श्रीमती सुभद्रा पति स्व.गणपत, शाहपुर विकासखंड के ग्राम बोन्दरी निवासी आवेदिका श्रीमती माधुरी पति स्व. आशाराम आदि को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।